(a) 2019 (b) 2020
(c) 2021 (d) 2015

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C**

**Ans. (b) :** राजस्थान में मुख्यमंत्री राज नीर योजना वर्ष 2020 में घोषित की गयी। इसके तहत प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में घरेलू उपभोक्ताओं की मासिक जल खपत 15 हजार लीटर से कम होने पर जल शुल्क माफ किया जायेगा। जल के उपयोग की जानकारी हेतु स्मार्ट मीटरों को लगाया जायेगा।

**1685. ई-मित्र एट होम (e-Mitra@Home) योजना को निम्न में से किन जिलों के शहरी क्षेत्रों हेतु शुरू किया गया है?**

(a) जयपुर एवं कोटा (b) कोटा एवं जोधपुर
(c) जोधपुर एवं जयपुर (d) जयपुर एवं अजमेर

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (c) :** ई-मित्र एट होम योजना को जोधपुर एवं जयपुर जिलों के शहरी क्षेत्रों हेतु शुरू किया गया है। ई-मित्र एट होम का प्राथमिक उद्देश्य सभी विभागों में घर पर रहकर ही जनता को एक कुशल, पारदर्शी, सुविधाजनक और मैत्रीपूर्ण तरीके से एकीकृत नागरिक सेवाएँ प्रदान करना है।

**1686. इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना संबंधित है-**

(a) प्रजनन आयु की लड़कियों और महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नेपकिन का वितरण
(b) ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना
(c) कॉलेज की लड़कियों को मुफ्त स्कूटी प्रदान करना
(d) ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को मुफ्त व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (a) :** इंदिरा महिला शक्ति उड़ान योजना का सम्बन्ध प्रजनन आयु की लड़कियों और महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी नैपकिन के वितरण से है। इस योजना के अंतर्गत 18-45 वर्ष की महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रो पर प्रतिमाह 12 सेनेटरी नैपकिन वितरित की जाएगी। इस योजना को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किया गया है।

**1687. राजस्थान में बीस सूत्री कार्यक्रम 2006 में निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु सम्मिलित नहीं है?**

(a) श्रमिक कल्याण (b) किसानों को सहयोग
(c) गरीबी उन्मूलन (d) शहरी सड़कें

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (d) :** राजस्थान में बीस सूत्रीय कार्यक्रम 2006 के अंतर्गत गरीबी हटाओं, जनशक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबसे लिए आवास, शुद्ध पेयजल, जन-जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अनुसूचित जाति, जनजाति अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, बस्ती सुधार, पर्यावरण संरक्षण एवं वन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास, ई-शासन बिन्दु सम्मिलित है। शहरी सड़कें इस कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आता है।

**1688. राजस्थान में 'अंत्योदय योजना' (1977) का उद्देश्य था-**

(a) बंजर भूमि का विकास
(b) भिखारियों का पुनर्वास
(c) सबसे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना
(d) फसल बीमा उपलब्ध कराना

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D**

**Ans. (c) :** राजस्थान में अंत्योदय योजना (1977) का उद्देश्य सबसे गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना था। राजस्थान में अंत्योदय योजना शुरू करने का श्रेय मिट्ठालाल को जाता है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने अंत्योदय योजना लागू की।

**1689. राजस्थान के लिए 'जल जीवन मिशन योजना' में, केन्द्र तथा राज्य की सहभागिता क्रमशः है-**

(a) 75:25 (b) 50:50
(c) 25:75 (d) 80:20

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B**

**Ans. (b) :** भारत सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की जलजीवन मिशन में पुनर्गठित और समाहित किया है ताकि 2024 तक प्रत्येक ग्रमीण घर पानी हर घर नल से जल को कार्यात्मक घरेलू जल कनेक्शन प्रदान किया जा सके। राजस्थान सरकार और भारत सरकार परियोजना लागत को 50:50 के अनुपात में साझा करेंगे।

**1690. 'भोर' (बी.एच.ओ.आर.) कार्यक्रम जो कि पुलिस आयुक्तालय जयपुर के समन्वय से चलाया जा रहा है, का उद्देश्य है -**

(a) बाल श्रम का उन्मूलन
(b) भिक्षुकों का पुनर्वास
(c) नशामुक्ति
(d) अपराधियों का पुनर्वास

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A**

**Ans. (b) :** राजस्थान सरकार द्वारा भिक्षुओं के पुनर्वास के लिए भोर कार्यक्रम शुरू किया गया है। राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम ने भोर (Bhikshuk Orientation a Rehabilitation) कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत भिक्षुओं को निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ-साथ भोजन व आवास की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

**1691. मनरेगा की तर्ज पर राजस्थान के शहरी निकायों की सीमा में रहने वाले परिवारों को वित्तीय सहयोग के लिए कौन सी योजना लागू की गई हैं?**

(a) राजीव गाँधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना
(b) दीन दयाल उपाध्याय शहरी रोजगार गारन्टी योजना
(c) इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना
(d) मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना

**Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A**

**Ans. (c) :** राज्य के शहरी क्षेत्रों के परिवारों विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं बेरोजगार परिवारों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए मनरेगा की तर्ज पर बजट 2022-23 में शहरों में रोजगार सुनिश्चित करने के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना लागू की गई है। इसके माध्यम से एक वर्ष में 100 दिवस का गारंटीशुदा रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**1692.सूची - I का सूची -II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर दीजिए –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) मेवात क्षेत्र विकास कार्यक्रम | (i) अलवर जिले के 8 ब्लाक व भरतपुर जिले के तीन ब्लाक |
| (B) सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम | (ii) चार जिलों के 13 खण्ड |
| (C) डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम | (iii) 21 पंचायत समितियों की 357 ग्राम पंचायत |